सप्तदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-08.03.2021 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री अरूण शंकर प्रसाद, स०वि०स० श्री कृष्णनंदन पासवान, स०वि०स० श्री हरीभूषण ठाकुर "बचोल", स०वि०स० श्री सुधांशु शेखर, स०वि०स० श्री अनिरूद्ध प्रसाद यादव, स०वि०स०	"बिहार राज्य में एन०एच० और एस०एच० की सड़कों की लम्बाई 9425 कि०मी० है । परिवहन विभाग के अनुसार 90 हजार छोटी-बड़ी गाड़ियाँ निबंधित हैं । सड़क हादसों की बड़ी वजह गाड़ियों की तेज रफ्तार है । ज्यादातर दुर्घटनाएँ इसी के चलते होती हैं । गाड़ियों की रफ्तार मापने के लिये राज्य में पुलिस के पास कुल 43 स्पीड गन ही उपलब्ध हैं । मात्र 43 स्पीड गन की बदौलत करीब साढ़े नौ हजार किलोमीटर सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार को मापना मुमकीन नहीं है । रफ्तार मापने के लिये इंटरसेप्टर व्हीकील में स्पीड गन उपलब्ध नहीं हैं । सड़क दुर्घटनायें बहुत हो रही हैं । अतएव गाड़ियों की रफ्तार मापने के लिए आवश्यकतानुसार स्पीड गन की संख्या में वृद्धि कर सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	परिवहन

2. श्री भूदेव चौधरी, स०वि०स०
श्री समीर कुमार महासेठ, स०वि०स०
श्री भाई वीरेन्द्र, स०वि०स०
श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव, स०वि०स०
श्री अवध बिहारी चौधरी, स०वि०स०
श्री आलोक कुमार मेहता, स०वि०स०
श्री ललित कुमार यादव, स०वि०स०

"बांका जिलान्तर्गत रजौन प्रखंड के ओडहारा पंचायत के ओडहारा गाँव में कृषि फार्म की 103 एकड़ भूमि में से अधिकांश हिस्सा अतिक्रमण हो रहा है । कृषि विभाग में उक्त भूमि पर विकास या अन्य उपयोग करने की कोई योजना लंबित नहीं है । अतिक्रमण से बचे भूमि पर कृषि कार्य नहीं हो रहा है तथा सरकार को राजस्व की प्राप्ति नहीं हो पा रही है । रजौन अंचल अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है, जो काफी निर्धन, बेसहारा, भूमिहीन, गृह विहीन है । उक्त भूमि पर चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना होने से उक्त क्षेत्र के वासियों के जीवन स्तर में आमूल-चूल परिवर्तन होगा तथा नये रोजगार सृजन होगें साथ ही बांका जिला का सर्वांगीण विकास का मार्ग-प्रशस्त होगा ।

कृषि

अतएव बांका जिला के सर्वांगीण विकास एवं वहाँ रोजगार के नये अवसर के सृजन हेतु रजौन प्रखंड के ओडहारा गाँव में कृषि फार्म के बेकार पड़े 103 एकड़ भूमि पर बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।

राज कुमार सिंह
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-11/2021- 975 / वि०स०, पटना, दिनांक- 05 मार्च, 2021 ई० ।

प्रति:-बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रिगण / माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय, पटना / संसदीय कार्य विभाग / परिवहन विभाग तथा कृषि विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

5/3/21
(पांडव कुमार सिंह)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-11/2021- 975 / वि०स०, पटना, दिनांक- 05 मार्च, 2021 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

5/3/21
(पांडव कुमार सिंह)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।
5/3/21